>

Title: Need to set up a medical college in Mahisagar district, Gujarat-laid.

श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल): मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पंचमहल (गुजरात) के महिसागर जिले की तरफ दिलाना चाहता हूं, जहां मेडिकल कॉलेज का स्थापना किया जाना नितान्त आवश्यक है । मेरा संसदीय क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है । यदि यहां पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाती है तो बहुत से लोग जो कि आर्थिक रूप से कमजोर हैं एवं अपने बच्चों को मेडिकल शिक्षा हेतु बाहर भेजने में असमर्थ हैं, वह भी अपने बच्चों को मेडिकल शिक्षा ग्रहण करा सकते है । मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि महीसागर जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने की कृपा करें जिससे कि इस जिले को भी मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर किया जा सके ।